सार-समाचार

'विकास रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचेगी'

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित विकास रथ का गुरुवार को नगरपालिका रतनगढ़ प्रांगण में भव्य स्वागत एवं समापन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कहा कि राज्य सरकार की स्वर्णिम उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना तथा आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना विकास रथ का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन के हित में निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण ने अपने संबोधन में कहा कि विकास रथ सरकार और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। उन्होंने लोक सेवकों से कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आव्हान किया, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पार्षद अनिता महर्षि, शंभूदयाल लाटा, प्रहलाद राय भार्गव, सुरेंद्र सिंह शेखावत, शहर मंडल मंत्री हेमंत पवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह, सुरेश घारू, भूमि शाखा प्रभारी संजय बारी, टेकचंद गाडगिल, सुरेंद्र सिंह, किशन, दिनेश, संपत सहित शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कांग्रेस व भाजपा लगा रही है एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप

तारानगर (निसं)। भाजपा द्वारा तारानगर में उप जिला अस्पताल के नये भवन का किया गया शिलान्यास एक मुद्दा बन गया है जिसको लेकर कांग्रेस व भाजपा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक दूसरे पर आरोप प्रत्याआरोप लगा रहे है। इसी को लेकर भाजपा के पदाधिकारी गुरुवार शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में चौधरी गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की एवं मीडिया से रूबरू हुए। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व वरिष्ठ नेता महावीर पूनियां ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा हमारे नेताओ ने उप जिला अस्पताल के नये भवन के लिए बदलाव की गयी नयी जगह का शिलान्यास किया है क्योंकि भवन के लिए जो पहले जो जगह चिन्हित थी वो शहर से बहुत दूर थी गरीब इंसान को वहां पहुंचना मुश्किल था अब जो जगह हमने चिन्हित की है वो शहर के बिलकुल नजदीक है। जांगिड़ ने कहा हमने अपने किये कार्यों का ही लोकार्पण किया है जिसका राज है उसका आज है। इस मौके पर लीलाधर बागोरिया, अजीत सिंह राठौड, तिलोक रेगर, रणजीत सिंह तंवर, जमर दीन तेली, हरी इंदौरिया, चुन्नीलाल सैनी, फारूक मिस्त्री, मनोहर सैनी, विशाल शर्मा, अशोक जांगिड, भंवरदास स्वामी, अमित मित्तल सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद की ओर से यहां शंकुतला वाटिका में आयोजित कराई जा रही शिव महापुराण की कथा के लिए गुरुवार को व्यासपीठ की स्थापना कर पूजन किया गया जबकि कथा स्थल पर कलश स्थापना हुई। इससे पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। सुप्रसिद्ध कथा वाचक शिव उपासक डॉ स्वामी मुक्तानंद पुरी महाराज व श्री रघुनाथ जी के बड़े मंदिर के महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में विशाल कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा में दो रथ जिनमें महाराज श्री व महंत महाराज विराजमान थे। वहीं भजन मंडली व बड़ी तादाद में महिलाएं कलश के साथ यात्रा में शामिल रही। कलश यात्रा बडे मंदिर से रवाना हुई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल शंकुतला वाटिका पहुंची जहां व्यासपीठ की स्थापना व पूजन कर व कलश स्थापना की। कलशयात्रा के साथ भजन मंडली, लक्ष्मनगढ नागरिक परिषद की तीनों इकाईयों के पदाधिकारी सदस्य, प्रवासी व प्रबुद्ध जन भी साथ थे। कथा तीस दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इससे पूर्व परिषद के पदाधिकारियों की ओर से कथा स्थल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

कांग्रेस ने उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया

तारानगर (निसं)। तारानगर के पंचायत समिति प्रधान कक्ष से स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुडानिया की लगी फोटो हटाने वालों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे जहाँ उन्होंने लगभग एक घंटे तक जमकर नारेबाजी की एवं तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा एक कमरे से फोटो हटाकर आपने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है लेकिन बुडानिया हर दिल में बसा हुआ वहाँ से आप कैसे हटा दोगे। इस मोके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, बीडीसी सदस्य मोहर सिँह ज्याणी, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, मदन पांड्या, शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, दिनेश प्रजापत, पार्षद हरिसिंह बेनिवाल, कृष्ण सहारण, हनुमान कस्वां, बाबू हुसैन कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि कुंदन सैनी, जासम खोखर, रामस्वरूप झाझड़िया, रामसिंह सहारण, भगत सिँह भाकर, सुनील सैनी, यूनस व्यापारी, अकरम बिसायती, दिनेश खंडेलवाल, सुरजीत वर्मा, विकास सैनी, पप्पू गोस्वामी कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

'समाधान से ही विकास की राह प्रशस्त होती है'

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि समस्याओं का समाधान एक सतत प्रक्रिया है, जो निरंतर चलते रहना चाहिए। लंबित समस्याएं क्षेत्र के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनती हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल और केवल समाधान से ही विकास की राह प्रशस्त होती है।जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा सहित अनेक विभागों से जुडी समस्याएं सामने आईं, जिन पर पूर्व विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

दुलार स्मृति कार्यक्रम आज

चूरू, (कासं)। अंचल के साहित्यकारों की कृतियों को पुस्तकालय तक पहुंचाने हेतु प्रारंभ प्रयास पुस्तक उपहार योजना अंतर्गत शिक्षाविद सोहन सिंह दुलार के आठवें स्मृति दिवस पर शनिवार को राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड के मुख्य आतिथ्य में पुस्तक उपहार कार्यक्रम होगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि स्थानीय सूचना केंद्र में शनिवार अपराह्न 3.30 बजे होने वाले सोहनसिंह दुलार स्मृति कार्यक्रम में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. आर. डी. सैनी, चूरू विधायक हरलाल सहारण तथा शिक्षाविद प्रो. एच. आर. ईसराण बतौर अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री दुलार करेंगी। शर्मा ने बताया कि अतिथि कार्यक्रम में अंचल के साहित्यकारों की इस योजनांतर्गत क्रय की पुस्तकें पुस्तकालयों हेतु भेंट करेंगे। आयोजन में शिक्षाविद दुलार के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर चर्चा होगी।

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई

तारानगर (निसं)। तारानगर के पंचायत समिति में स्थित विधायक जन सुनवाई केंद्र में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिँह की पुण्यतिथि मनाई। उपस्थित लोगों ने मनमोहन सिँह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं मनमोहन सिँह अमर रहे के नारे लगाये। पार्षद हरिसिंह बेनीवाल ने प्रधानमंत्री मनमोहन की जीवनी पर प्रकाश डाला तो वहीं उपस्थित लोगों ने इसके बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस मोके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, मोहरसिंह ज्याणी, मदन पांड्या, वेद प्रकाश सहारण, बाबू हुसैन कुरैशी जासम खोखर, भगतसिंह भाकर सहित काफी लोग मौजूद थे।

जिला कलेक्टर ने संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में शिरकत की

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयुर्वेद विभाग की ओर से चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में गुरुवार शाम को रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार कंचन सपेरा, सलमा सपेरा, गिरिराज व अंजली ग्रुप द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य, भवाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आरोग्य मेले के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य जांच, परामर्श सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे।

आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने मेले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार 28 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. कमल वशिष्ठ ने मांड गायन की प्रस्तुति दी।

इस दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, श्रीराम पीपलवा, डॉ. मनीष शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र शर्मा, डॉ. संतरा जाट, डॉ. संजय तंवर, डॉ. ओम प्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया।

आरोग्य मेले में मिली आयुष सुविधाएं, चिकित्सकों ने दिया परामर्श, उत्पादों की हुई बिक्री:- जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को आमजन को बेहतरीन आयुष सुविधाएं मिली और इस दौरान आगंतुकों ने आयुष उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन कर खरीदारी की। सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सवेरे योगाभ्यास किया गया तथा प्रश्नोत्तरी, वैज्ञानिक सेमिनार व स्वास्थ्य विषयक व्याख्यान आयोजित किए गए।

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयुर्वेद विभाग की ओर से चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन डूंडलोद शिक्षण संस्थान के चेयरमैन एसएस रणवां की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय सचिव बीएल रणवां थे।

इस अवसर पर प्राचार्य धनन्जय लाल ने चार दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं की उपलब्धियों के बारें में बताया कि बैडमिंटन, टीटी, बॉस्केटबॉल, वालीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, डॉजबॉल, टग ऑफ वॉर, एथेलटिक्स आदि कुल 142 खेल इवेंट में विद्यालय के करीब 1400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्पोर्टस मीट के परिणामस्वरूप प्री-प्राईमरी में वीनस हाउस प्रथम स्थान, प्राथमिक वर्ग में रेड हाउस ने प्रथम स्थान, ग्रीन हाउस ने द्वितीय तथा यलो हाउस ने तृतीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्ल्यू हाउस द्वितीय एवं यैलो हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों एवं प्राचार्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों एवं हाऊस इंचार्ज को मेडल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह शेखावत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने इस प्रतियोगिता में अपनी रूचि के अनुसार खेल खेले हैं।

खेल केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है। बल्कि इनसे आप सभी में अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व और आत्म-विश्वास जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों का विकास होगा, जो समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए परमावश्यक है और ये जीवन कौशल जीवन को संतुलित व आनंदमय बनाते हैं। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलों में जीतने व हारने का महत्व नहीं है। महत्व है सीखने यदि पूर्ण अनुशासित रहकर परिश्रम करोगे तो परिणाम भी आपके पक्ष में होगा। आप जब भी अपना कॅरिअर चुनें। जिस क्षेत्र को चुनें वह आपकी रूचि के अनुसार होना चाहिए। वो चाहे कोई भी क्षेत्र हो, खेल हो, शैक्षिणक क्षेत्र हो, उसमें इतना अच्छा कार्य करें जिससे आपका और आपके परिवार, समाज, गांव व देश में नाम हो।

पौषबड़ा महोत्सव मनाया

बिसाऊ (निसं)। बिसाऊ के गणगौर वाले कुएं के बालाजी मंदिर पर गुरुवार को पौषबड़ा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ काशी के पंडितों द्वारा गंगा मैया की विशेष महाआरती के साथ हुआ। मंडल के चांदमल राव ने बताया कि बालाजी युवा मंडल के तत्वावधान में शुरू हुए तीन दिवसीय पौष बड़ा महोत्सव कार्यक्रम देर शाम गंणगौर वाले कुएं के बालाजी मंदिर पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ की उपस्थिति में शुरू हुआ जिसमें काशी के पंडित नारायण तिवारी, अंकित पांडे, हिमेश कुमार द्वारा बालाजी की आरती और शिवतांडव स्तोत्र की स्तुति के बाद पौन घंटे तक हरिद्वार की हरकी पौड़ी पर होने वाली गंगा मैया की महाआरती संख,घंटा घडियाल की आवाज के साथ की गई। इस आयोजन को देखने कस्बे के काफी लोग उमड़ पड़े। इस महाआरती आयोजन मेंमहन्त रविनाथ, डॉ.हरिसिंह सहारण, थानाधिकारी शेर सिंह, श्री किशन पारीक, सांवरमल इंदौरिया सहित लोग रहे।

'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' अभियान के तहत विकास रथ यात्रा का समापन

सीकर, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए जा रहे बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान अभियान के अंतर्गत विकास रथ यात्रा की मोबाइल एलईडी वैन शुक्रवार को अंतिम दिन सीकर जिले के नीमकाथाना क्षेत्र के छावनी, भावरिया की ढाणी सहित अनेक स्थानों पर पहुंची। रथ के विभिन्न स्थानों पर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।

छावनी में आयोजित कार्यक्रम में सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह विकास रथ यात्रा निकाली गई है, जिसके माध्यम से विगत दो वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना भागीरथ साख ने बताया कि विकास रथ के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे आमजन इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाएं गांव, ढाणी एवं मोहल्लों तक पहुंचाई जा रही हैं ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके।

विकास रथ यात्रा के अंतिम दिन छावनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के माध्यम से प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं को लाभकारी बताते हुए अभियान की सराहना की।

इस दौरान उपखंड अधिकारी राजवीर यादव, नायब तहसीलदार देवीलाल चौधरी, भाजपा नेता प्रमोद बाजोर, उप प्रधान सुरेंद्र खरवास, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्राज सैनी, पार्षद शाकिर अली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जरूरतमंद लोगों को कम्बल एवं फूड पैकेट बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं की 45वीं चार्टर नाईट स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाउन हॉल में क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा के दिशा निर्देशन में मुख्य अतिथि लॉयंस इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-1 के प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर वाजपेयी, प्रथम सह प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन आशुतोष वशिष्ठ, द्वितीय सह प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन आरएस मदान, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल, रीजन चेयरमैन डॉ. एनएस नरुका एवं जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन डॉ. कमल तापड़िया सहित अन्य क्लब पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुई।

क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत ने सभा प्रारंभ करने की घोषणा की। लॉयन विनिता शर्मा द्वारा ध्वज वंदना तथा विश्व शांति के लिए एक मिनट की मौन प्रार्थना की गई। प्रथम उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। क्लब कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़ ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्ष भर की सेवा व प्रशासनिक गतिविधियों का लेखा जोखा लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल द्वारा क्लब के 20 नए सदस्यों को लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल के बारे में जानकारी करवाते हुए उन्हें विधिवत शपथ ग्रहण करवाकर सदस्य घोषित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब के सेवाभावी सदस्यों का प्रांतीय पिन लगाकर सम्मान किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा एमजेएफ एवं चार्टर सदस्यों का, क्लब में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले सदस्यों का, क्लब गतिविधियों के संयोजकों का, क्लब गतिविधियों में सहयोगी रहे सेवाभावी व्यक्तियो, दानदाताओं एवं क्लब के सक्रिय सदस्यों का सम्मान किया गया। समारोह में लॉयन जुगल किशोर पाटोदिया को जन्मदिवस की प्रांतपाल द्वारा बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह का कुशल संचालन लायन परमेश्वर हलवाई एवं एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा बहुत ही शानदार एवं रोचक ढंग से किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ तीन लॉयन सदस्यों में प्रथम लॉयन शिवकुमार जांगिड़ को डॉ. कुंदनबाला जैन मेमोरियल ट्रॉफी, द्वितीय लॉयन एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार को डाबराईट ट्रॉफी, तृतीय लॉयन विनिता शर्मा को माई झुंझुनूं डॉट कॉम ट्रॉफी, शिवचरण हलवाई तथा एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के सानिध्य में प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब की पत्रिका रश्मि पुंज का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया गया। जिसके प्रधान संपादक एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड, सह संपादक लॉयन शिवकुमार जांगिड, दयाशंकर अरडावतिया, संपादक मंडल में शकुंतला पुरोहित, डॉ. बबिता कुमावत एवं एमजेएफ लॉयन मनोज सिंह टीकेएन थे।

जानकारी देते हुए क्लब पीआरओ अशोक सोनी ने बताया कि क्लब अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत ने अध्यक्षीय उद्बोधन एवं कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार जांगिड द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम समापन से पूर्व क्लब अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा अतिथियों को शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। समापन पर सभी के सम्मान में क्लब द्वारा रात्रिभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार एवं लॉयन महिपाल सिंह थे।

एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्वालीसर में वार्ड परिससन में तोड मरोड कर बनाये गये वार्डो बदलने का मामला सामने आया है। वहीं तोड मरोड कर वार्ड बनाये जाने के विरोध में गांव ग्वालीसर के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपकर वार्डों का पुनरीक्षण कर दुबारा ग्रामीणों की मांग के अनुसार वार्ड बनाये जाने की मांग की। शाम पांच बजे मिली जानकारी के अनुसार सत्यवीर पूनियां के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपे ज्ञापन में बताया है कि ग्राम ग्वालीसर तहसील सिद्धमुख जिला चूरू में वार्ड का परीसिमन किया गया है जो कि ग्रामीणों की सहमती के बिना उसको तोड मरोड कर तथा हर घर को चिन्हित कर पिता-पुत्र को बांट कर वार्डों को अलग-अलग कर दिया है।

बताया कि वार्ड बदलने के कारण से समस्त ग्रामवासियों को असुविधा हो रही है, जिसके कारण से वार्ड में परिवर्तन ग्रामीणों के कहे अनुसार बनाये जाना आवश्यक है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के नियमानुसार उत्तर से पश्चिम दिशा में वार्डों का परिसिमन होना चाहिये था, इस नियम की अनदेखी की गई है तथा ग्रामीणों व वार्ड वासियों तथा निर्वाचन विभाग के अनुसार वार्डों को बदलना आवश्यक है। वहीं ग्रामीणों ने ग्राम ग्वालीसर में वार्डों का पुनिरिक्षण कर दुबारा ग्रामीणों के अनुसार वार्ड बनाये जाने का आदेश फरमाया जाने की मांग की है।

सार-समाचार

निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

पाटन (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ नीमकाथाना के तत्वावधान में सेठ नंदकिशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम प्रांगण में आयोजित पाँच दिवसीय निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को सर्व धर्म प्रार्थना सभा के पश्चात विधिवत समापन किया गया। समापन दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या संतोष वर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। अपने संबोधन में उन्होंने रोवर-रेंजरों द्वारा समाज सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व विकास में स्काउटिंग आंदोलन की भूमिका को सराहा।प्रशिक्षण शिविर के दौरान रोवर्स एवं रेंजर्स को स्काउटिंग आंदोलन का इतिहास, गांठें, पायनियरिंग, परियोजना कार्य, प्राथमिक चिकित्सा, सेवा कार्यों सहित निपुण पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों को राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम से भी अवगत कराया गया। इस शिविर में एस.एन.के.पी. राजकीय महाविद्यालय एवं कमला मोदी राजकीय महाविद्यालय के कुल 39 रोवर्स एवं रेंजर्स ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में प्रशिक्षक दल के रूप में हरफूल सिंह मीणा (संचालक), गिरधरलाल डावर, हेमेंद्र सिंह राठौड, ईश्वरचंद, मनमोहन सैनी, सुवालाल कुमावत, ऋचा गौड एवं दिनेश कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

भरत चरित्र का वर्णन किया

रतनगढ़ (निसं)। शहर के श्रीपंचमुखी बालाजी मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक पंडित शंभुशरण लाटा ने कहा कि आलोचना व चुगली से पाप लगता है, जबकि राग-द्वेष का त्याग करने से ही जीवन सुखी बनता है। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक सुख भगवान के नाम जप में है और राम नाम में भवसागर पार कराने की अद्भुत शक्ति है। महाराज ने कहा कि रामचरित मानस ऐसा ग्रंथ है, जिसमें जीवन की गहरी साधना समाहित है और रामायण में हर समस्या का समाधान मिलता है। शुक्रवार की कथा में भरत चरित्र प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान मधु राजेंद्र बणसिया एवं मंजू पवन सेवदा ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। आयोजन समिति के अजय बणसिया ने आगंतुक श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट देवेंद्र चोटिया, नारायण प्रसाद सैनी, हरिप्रसाद, हर्षवाल, परमाराम नेहरा,अमित चोटिया, रामवीर राईका, देवीलाल ढाका कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शिविर में 220 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)।महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। निवर्तमान अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि चिकित्सा परामर्श शिविर में 220 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड, महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड, कैलाशचंद्र शर्मा, सुमेरसिंह कर्णावत, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूल सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मधुमेह उच्च रक्तचाप शिविर कल

झुंझुनूं, (निसं)।महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में बिलाल पुत्र अब्दुल सत्तार सब्जी फरोस के सौजन्य से रविवार 28 दिसंबर को सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चावो दादी मंदिर में नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह उच्च रक्तचाप शिविर आयोजित किया जाएगा। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मे व दवाइयां दी जाएगी। चयनित मोतियाबिंद रोगियों के ऑपरेशन रियायती दर पर कराए जाएंगे। अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दी जाएगी।

पूर्व पीएम वाजपेयी को याद किया

झुंझुनूं, (निसं)। उपखंड अधिकारी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके सिद्धांतों को जीवन में लागू करने का आव्हान किया। इस अवसर पर सुनिल महला, काव्या, प्रवीण, अनिल एवं संदीप इत्यादि मौजूद रहे।

63 विद्यार्थियों को जूते वितरित किये

पाटन (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करजो खरकड़ा में आयोजित कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला प्रेरणादायक संदेश बन गया। विद्यालय में कार्यरत अध्यापक मुरारी लाल योगी ने अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर मानवता और सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के 63 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए।

जूते प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान पूरे वातावरण को भावुक और आनंदमय बना गई। यह दृश्य उपस्थित सभी जनों के लिए अत्यंत हृदयस्पर्शी रहा।

कार्यक्रम में पंचायत पदेन शिक्षा अधिकारी मुकेश जी वर्मा, संस्था प्रधान रेखा मीणा, विद्यालय के समस्त कार्मिक, अन्य गणमान्य अतिथि एवं गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उ